# कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर–15)
(राजस्व–द्वितीय प्रकोष्ठ)

क्रमांक : एफ–6( ) उपा.राज.–द्वितीय(सा.प्र.) / ननिज. / 2023 / 3046 दिनांक:– 19/5/23

## सार्वजनिक सूचना

मूल भूखण्ड संख्या 14 / 1, रामबाग रोड़, सी–स्कीम, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा श्रीमती श्यामा देवी पत्नी श्री गोकुल दास के नाम से क्षेत्रफल 512.4 वर्गगज भूमि का पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 17.09.1976 को श्रीमती श्यामा देवी पत्नी श्री गोकुलदास कोटावाला, श्री मनोहर दास, श्री प्रमोद कोटावाला, पुत्रान् श्री गोकुलदास कोटावाला एवं कुमारी मंजू कोटावाला पुत्री श्री गोकुलदास कोटावाला एवं मैसर्स कोटावाला एक्सपोर्ट प्रा0 लि0 के मध्य पार्टनरशीप डीड जारी किया गया। दिनांक 01.11.1976 को मैसर्स कोटावालाज एक्सपोर्ट प्रा0 लि0 (प्रथम पक्ष) एवं श्रीमती श्यामा देवी पत्नी श्री गोकुलदास कोटावाला, श्री मनोहर दास, श्री प्रमोद कोटावाला, पुत्रान् श्री गोकुलदास कोटावाला एवं कुमारी मंजू कोटावाला पुत्री श्री गोकुलदास कोटावाला (द्वितीय पक्ष) के मध्य डिसोल्यूशन डीड जारी किया गया। दिनांक 27.11.1976 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 14 / 1, दुसादों का बाग, जयपुर मैसर्स कोटावाला एक्सपोर्ट (प्रा0) लि0 के नाम से पट्टा जारी किया गया। आवेदक फर्म द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड पट्टे की प्रति, पार्टनरशीप डीड, डिसोल्यूशन डीड, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा मैसर्स कोटावालाज एक्सपोर्ट प्रा0 लि0 जयपुर जरिये प्रबंधक निदेशक श्री अभिनव अग्रवाल के पक्ष में क्षेत्रफल 512.4 वर्गगज का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। इस लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व–द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व–द्वितीय)**
**नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

**प्रतिलिपिः–** सूचनार्थ।

मैसर्स कोटावालाज एक्सपोर्ट प्रा0 लि0 जयपुर जरिये प्रबंधक निदेशक श्री अभिनव अग्रवाल, पता– कोटावाला बिल्डिंग, कोटावाला मार्केट, नवाब साहिब की हवेली, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर को भेजकर लेख है कि आप अपने खर्चे से सार्वजनिक सूचना 3'x3' इंच साईज एवं दृष्टान्त फोन्ट साईज में आमजन में प्रचलित राज्य स्तरीय समाचार–पत्र में प्रकाशित करवाकर समाचार–पत्र की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करने का श्रम करें।

**उपायुक्त (राजस्व–द्वितीय)**
**नगर निगम ग्रेटर,**